सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-631
24/12/2017

बिहार संग्रहालय में श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश उत्सव के शुकराना समारोह के अवसर पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया

पटना, 24 दिसम्बर 2017 :– श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर बिहार संग्रहालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी में सिख धर्म के सभी दस गुरूओं श्री गुरूनानक देव जी, श्री गुरू अंगद देव जी, श्री गुरू अमरदास जी, श्री गुरू रामदास जी, श्री गुरू अर्जुन देव जी, श्री गुरू हरगोविंद सिंह देव जी, श्री गुरू हर राय जी, श्री गुरू हर किशन साहिब जी, श्री गुरू तेगबहादुर जी एवं श्री गुरू गोविंद सिंह जी की जीवनी के बारे में दी गयी जानकारी को मुख्यमंत्री ने ध्यानपूर्वक पढ़ा। प्रदर्शनी में सिखों के 10वें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के जीवनी से संबंधित चित्र प्रदर्शनी में उनके बचपन से लेकर जीवन संघर्ष तथा जीवन संदेश को विस्तारपूर्वक दिखाया गया है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय की अन्य दीर्घाओं का अवलोकन किया। इस दौरान सूर्य की 22 फीट के एक प्रतीक रूप को गौर से देखा, जिसमें निम्न–मध्य वर्ग की विकास यात्रा को सुंदर ढंग से दर्शाया गया है। मुख्य सचिव ने इस परिकल्पना के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने ऊपरी मंजिल में बने वी0आई0पी0 लाउंज को देखा। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अद्भुत बना है।

इस अवसर पर कोलकाता में पब्लिक आर्ट इनिशिएटिव के क्षेत्र में इंडिया टुडे आर्ट अवार्ड से पुरस्कृत बिहार के मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह ने प्राप्त अवार्ड को मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष प्रधान सचिव कला, संस्कृति श्री चैतन्य प्रसाद को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव कला, संस्कृति श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित बिहार संग्रहालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

****